>

Title: Need to convert Seoni-Chhapara-Lakhnadon rail-line in Madhya Pradesh into broad gauge.

**श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट):** मध्य प्रदेश में मेरे संसदीय क्षेत्र सिवनी-बालाघाट नक्सल प्रभावित आदिवासी बहुल अति पिछड़ा क्षेत्र है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत सिवनी-छपारा-लखनादौन ब्राडगेज नई रेल लाइन की मांग जनता द्वारा वर्षों से की जा रही है। इस ब्रॉडगेज रेल लाइन को जोड़ना जनहित में अति आवश्यक है। इस रेल लाइन के नहीं जुड़ने से औद्योगिक विकास अवरूद्ध हो गया है। इलाके की आम जनता को काफी कठिनाई हो रही है। वर्तमान में छिंदवारा-शिवनी-नैनपुर मंडला तक छोटी रेल लाइन है। इसे गत वर्ष रेलवे ने आमान-परिवर्तन की स्वीकृति दी है तथा बजट में राशि भी प्रदान की। जिले की जनता चाहती है कि सिवनी-छपारा-लखनादौन को ब्रॉडगेज से जोड़ा जाए।

अतएवं सरकार से आग्रह है कि आगामी रेल बजट में सिवनी-छपारा-लखनादौन को ब्रॉडगेज रेल लाइन से जोड़ने हेतु शामिल किए जाए।